**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 11 जनवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की भव्य शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया।**

2. **श्री मोदी ने विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए लोगों से एकजुट रहने की अपील की।**

3. **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने माना कि सामग्री को मानक के अनुरूप बनाए रखने में चूक हुई , भविष्य में नियम-कानून के मुताबिक चलने का भरोसा दिलाया।**

4. **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा -भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता पंजाब में संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प को लेकर पूरी तरह समर्पित है।**

5. **पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में ठंड का कहर जारी-कल कुछ जगह अत्यंत घना कोहरा पड़ने की संभावना जताई गई।**

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के प्रभास पाटन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की भव्य शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया। श्री मोदी ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल ऐतिहासिक गौरव का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सोमनाथ मंदिर यात्रा से परिचित कराने का अवसर भी है। श्री मोदी ने कहा कि यह पर्व अटूट आस्था और समर्पण का पर्व है। प्रधानमंत्री ने विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की है।

***वो ताकतें मौजूद हैं, पूरी तरह सक्रिय हैं, जिन्होंने सोमनाथ पुर्ननिर्माण का विरोध किया, और इसलिए हमें ज्यादा सावधान रहना है। हमें, खुद को शक्तिशाली बनाना है, एकजुट रहना है। ऐसी हर ताकत को हराना है जो हमें बांटने की साजिश रच रही है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ की रक्षा करने वाले अनगिनत योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी।

***एक हजार साल बाद भी सोमनाथ महादेव के मंदिर पर फहरा रही ध्वजा पूरी सृष्टि का आह्वान कर रही है। प्रभास पाटन तीर्थ की मिट्टी का कण-कण, शौर्य, पराक्रम और वीरता का साक्षी है। सोमनाथ के इस स्वरूप के लिए कितने ही शिव भक्तों ने, संस्कृति के उपासकों ने, संस्कृति के ध्वज धारकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।***

श्री मोदी ने कहा कि यह पर्व केवल ऐतिहासिक वैभव का प्रतीक नहीं, बल्कि यह सोमनाथ मंदिर की अनंत यात्रा को भावी पीढियों तक पहुंचाने का अवसर भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सभ्यता हमें दूसरों को परास्त करना नहीं, बल्कि संतुलित जीना जीवना सिखाती है। उन्होंने यह भी कहा कि सोमनाथ घृणा या विध्वंस का नहीं, बल्कि प्रेम का संदेश देता है। प्रधानमंत्री ने कहा गज़नी से लेकर औरंगज़ेब तक ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए लेकिन सोमनाथ मंदिर अक्षुण्ण रहा और कई बार इसका पुनर्निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक उन्माद को महज लूट बताने की कोशिश की गई और मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को इतिहास में जगह नहीं दी गई।

***आक्रमण के इतिहास को भी कुछ इतिहासकारों और राजनेताओं द्वारा वाइटवॉश करने की कोशिश की गई। मजहबी उन्माद की मानसिकता को केवल साधारण लूट बताकर किताबे लिखी गई। सोमनाथ मंदिर एक बार नही, बार-बार तोडा गया है।***

**********************************************************************

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने माना है कि सामग्री को मानक के अनुरूप बनाए रखने में उससे गलती हुई है। कबीलेगौर है कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स को नोटिस भेजकर आपत्तिजनक अश्लील सामग्री हटाने को कहा था, जो उपयोगकर्ता ग्रोक ए आई से बना के साझा कर रहे थे।मंत्रालय ने कहा था कि इस प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री को एक्स पर स्थान देना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और आईटी नियम का उल्लघंन है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक एक्स ने जांच के बाद लगभग तीन हजार 500 सामग्री को ब्लॉक कर दिया है और 600 से अधिक अकाउंट हटा दिए गए है। एक्स ने यह आश्वासन भी दिया है कि वह भविष्य में आपत्तिजनक सामग्री डालने की अनुमति नहीं देगा।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता पंजाब में संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प को लेकर पूर्णत: समर्पित है।मुख्यमंत्री आज पंजाब के समराला स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री चरण कंवल साहिब, माछीवाड़ा और समराला के चेहलां गाँव के प्राचीन मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में नतमस्तकहोने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गुरुद्वारा श्री चरण कंवल साहिब वह पवित्र स्थान है जहाँ दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चरण पड़े थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने गुरु चरणों में देश की तरक्की और सरबत के भले की अरदास की। इसी तरह उन्होंने मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और शिव-शम्भू से देश और प्रदेश के सभी परिवारजनों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की प्रार्थना की।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है, कि उन्हें गुरुद्वारा श्री चरण कंवल साहिब और मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में शीश निवाने का मौका मिला।

**********************************************************************

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 56वें फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल में भाग लिया। इसमें देशभर से आए युवा नेताओं ने भी भागीदारी की। ये युवा नेता विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेने के लिए दिल्ली आए हुए हैं। इनमें टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद भी शामिल हैं। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा -

संडे ऑन साइकिल की ये 56 एडिशन है दोस्तों, एक साल पहले संडे ऑन साइकिल का प्रारंभ करा था तब देश में 240 स्थान पर संडे ऑन साइकिल हुआ था। आज 15 हजार से अधिक स्थान पर संडे ऑन साइकिल के द्वारा फिट इंडिया का संदेश देश के युवा दे रहे हैं।

*********************************************************************

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में आज भीं ठंड का कहर जारी रहा। हरियाणा में सबसे कम न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस नारनौल में दर्ज किया गया। हरियाणा और चंडीगढ़ में सबसे ज़्यादा अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस चंडीगढ़ में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कल हरियाणा पंजाब और चंडीगढ़ में कुछ जगहों पर शीतलहर चलने और अत्यंत घना कोहरा पड़ने और बाद में 16 जनवरी तक घना कोहरा पड़ने का अनुमान लगाया है।वहीं 17 जनवरी को हरियाणा में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

*********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन कल युवा दिवस के अवसर पर गुरुग्राम का दौरा करेंगे।उनके दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी तैयारियां की है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं और युवाओं से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। डा. पूनिया ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीतिन नबीन युवा और ओजस्वी नेतृत्व देने वाले नेता हैं, इसलिए इस कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी राजनीति में युवाओं को आगे आने में प्रेरित करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह गुरुग्राम के कार्यकर्ताओं के लिए गौरव की बात है कि कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन हरियाणा में पहली बार दौरा कर रहे हैं और यह दौरा गुरुग्राम में होगा। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और कार्यकर्ताओं में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के गुरुग्राम दौरे को लेकर जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि नीतिन नबीन का यह दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण है। श्री बड़ौली ने कहा कि इससे प्रदेश के युवा कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार होगा और वे देश और समाज की सेवा में ज्यादा उत्साह के साथ जुटेंगे।

*********************************************************************

कुरुक्षेत्र में चल रहे पशु मेले में एक युवा किसान संजीत मोर की देसी नस्ल की गाय ने दूध प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। इस गाय ने 15 लीटर से ज्यादा दूध लेकर यह स्थान हासिल किया। गाय की उम्र साढ़े पांच वर्ष है।मेले में गाय कीमत 15 लाख रुपए तक लग चुकी है।

*****************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा श्रेष्ठ ग्राम पंचायतों, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संस्थाओं तथा अन्य श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सरकार द्वारा पोर्टल 12 जनवरी 2026 तक खोला गया है। पात्र व्यक्ति एवं संस्थाएं निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

*****************************************************************